mRrjk[k.M jkT; foKku ,oa izkS|ksfxdh ifj"kn
foKku ,oa izk|kSfxdh foHkkx (उत्तराखण्ड शासन)
foKku /kke] iks0vk0&>k>jk] okbZ;k izsenxj] ngjknwuA

izsl foKfIr

ngjknwu 15 vxLr] 2020

उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद एवं आई0आई0पी0 के संयुक्त तत्वाधान में वेबिनार COVID 19 : Coping with stress का आयोजन किया गया। आयोजन में डा0 हरीश शेट्टी, मनोवैज्ञानिक, मुम्बई; डा0 अंजन रे, निदेशक, आई0आई0पी0, देहरादून; डा0 उमाकांत पंवार, पूर्व प्रमुख सचिव, उत्तराखण्ड शासन;श्री जे0एस0 रौतेला, सलाहकार, साइंस सिटी देहरादून पेनलिस्ट थे। कार्यक्रम का संचालन डा0 राजेन्द्र डोभाल, महानिदेशक, यूकॉस्ट द्वारा किया गया।

वेबिनार के दौरान कॉविड महामारी तथा लॉकडाउन के उत्पन्न शारीरिक, मानसिक, आर्थिक एवं सामाजिक तनाव सम्बन्धी विषयों पर चर्चा हुई। चर्चा के दौरान कॉविड से उत्पन्न भय के माहौल से उत्पन्न मानसिक तनाव से स्वयं को दूर रखने के लिये घर पर विभिन्न गतिविधियों में भाग लेना, अपनी हॉबी तथा रूचिकर कार्यों में समय व्यतीत करना, बच्चों में आस–पास के वातावरण के लिये जिज्ञासा बढ़ाने के प्रयास करना, प्राकृतिक परिवेश की संजाये रखना, वैज्ञानिक समझ विकसित करने के लिये म्यूजियम, पार्क, प्लेनेटेरियम आदि का ऑनलाईन वर्चुअल विजिट कर इनोवेशन व रचनात्मकता को बढ़ाने को प्रमुखता देनी चाहिये। इस दौरान कॉविड 19 महामारी पर फैल रही भ्रातियों पर वैज्ञानिक विचार साझा किये गये जिससे लोग भ्रातियों से दूर रहे।

वेबिनार के दौरान डा0 विजय धस्माना, स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय एवं प्रो0 नवीन नवानी, आई0आई0टी0 ने भी कॉविड 19 शोध एवं विकास पर अपने विचार रखे।

डा0 राजेन्द्र डोभाल ने पेनलिस्ट एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया एवं बताया कि परिषद वेबिनार सीरीज के माध्यम से विभिन्न विषयों पर वैज्ञानिक चिंतन को आमजन तक पहुचाने का प्रयास करेगी। इस दौरान प्रतिभागियों द्वारा पूछे गये प्रश्नों के जवाब भी दिये गये।

vfer iks[kfj;ky
ic/kd&tulaid
eks- 8193099156